Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding permanent embankment of Gandak river in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में नेपाल से बाल्मीकि नगर बराज द्वारा बारिश के दिनों में अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने से गंडक नदी में विनाशकारी बाढ़ से गंडक नदी का रिंग बांध तथा सारण तटबंध के टूटने की संभावना हो जाती है । जैसा कि पिछले साल में दोनों तटबंध टूट गए थे, जिससे हमारे क्षेत्र के 5 प्रखंड बैकुण्ठपुर, सिधवलिया, बरौली, गोपालगंज एवं उचकागांव के 200 गांव के दो लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित थी । हमारे गोपालगंज संसदीय क्षेत्र में 80 किलोमीटर की दूरी में गंडक नदी बहती है, जिसमें 9 डेंजर प्वॉइंट्स हैं ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि तात्कालिक समय में यदि बांध में बोल्डर लगा दिया जाए एवं किनारों को सीमेंटेड कर दिया जाए, तो स्थायी रूप से कटाव को रोका जा सकता है एवं प्रत्येक वर्ष के वित्तीय नुकसान से भी बचा जा सकता है । इसलिए जनहित में केंद्र द्वारा एक केंद्रीय टीम भेजकर इसका स्थायी समाधान करने की कृपा की जाए क्योंकि यह समस्या नेपाल से जुड़ी है ।